Adda247 GET IT ON Google Play



**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों 1 - 5 के सटीक उत्तर दीजिए :**

"शासन की पहुँच प्रवृत्ति और निवृत्ति की बाहरी व्यवस्था तक ही होती है। उनके मूल या मर्म तक उनकी गति नहीं होती। भीतरी या सच्ची प्रवृत्ति-निवृत्ति को जागरित रखने वाली कविता है जो धर्म क्षेत्र में भक्ति भावना को जगाती रहती है। भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है। अपने मंगल और लोक के मंगल का संगम उसी के भीतर दिखाई देता है। इस संगम के लिए प्रकृति के क्षेत्र के बीच मनुष्य को अपने हृदय के प्रसार का अभ्यास करना चाहिए। जिस प्रकार ज्ञान नरसत्ता के प्रसार के लिए है उसी प्रकार हृदय भी। रागात्मिका वृत्ति के प्रसार के बिना विश्व के साथ जीवन का प्रकृत सामंजस्य घटित नहीं हो सकता। जब मनुष्य के सुख और आनंद का मेल शेष प्रकृति के सुख-सौंदर्य के साथ हो जाएगा, उसकी रक्षा का भाव तृण-गुल्म, वृक्ष-लता, पशु-पक्षी, कीट-पतंग, सबकी रक्षा के भाव के साथ समन्वित हो जाएगा, तब उसके अवतार का उद्देश्य पूर्ण हो जाएगा और वह जगत का सच्चा प्रतिनिधि हो जाएगा। काव्य योग की साधना इसी भूमि पर पहुँचाने के लिए है।"

1. निम्नलिखित में सही कथन है :
   (1) प्रवृत्ति या निवृत्ति की आंतरिक व्यवस्था शासन है।
   (2) मनुष्य को अपने हृदय के प्रसार का अभ्यास करना चाहिए।
   (3) शासन की पहुँच धर्म की भक्ति भावना तक होती है।
   (4) भक्ति धर्म की काव्यात्मक अनुभूति है।

2. मनुष्य के अवतार का उद्देश्य पूर्ण हो जाएगा और वह जगत का सच्चा प्रतिनिधि हो जाएगा जब :
   (1) मनुष्य के सुख और आनंद का सुमेल शेष प्रकृति के सुखी जीवन के साथ हो जाएगा।
   (2) जब प्रकृति की रक्षा का भाव केवल तृण-गुल्म के साथ हो जाएगा।
   (3) उसकी रक्षा का भाव तृण-गुल्म, वृक्ष-लता, पशु-पक्षी, कीट-पतंग सबकी रक्षा के भाव के साथ समन्वित हो जाएगा।
   (4) मनुष्य का विश्व के साथ सामंजस्य नहीं होगा।

3. अपने मंगल और लोक के मंगल का संगम दिखाई देता है :
   (1) धर्म क्षेत्र की भक्ति भावना में
   (2) व्यक्ति की भीतरी और बाहरी निवृत्ति में
   (3) भक्ति और साधना में
   (4) धर्म की रसात्मक अनुभूति भक्ति में

4. मनुष्य को अपने हृदय का प्रसार करना चाहिए :
   (1) सहृदयता के लिए
   (2) लोक मंगल के लिए
   (3) आत्म प्रसार के लिए
   (4) शासन तक पहुँच के लिए

5. शासन की पहुँच होती है :
   (1) प्रवृत्तियों के मूल तक
   (2) उन प्रवृत्तियों के मर्म तक
   (3) भीतरी या सच्ची निवृत्ति तक
   (4) प्रवृत्ति और निवृत्ति की बाहरी व्यवस्था तक

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

6. निम्नलिखित में से रामचंद्र शुक्ल का कौन-सा कथन बिहारी के बारे में सही नहीं है ?
   (1) बिहारी का जन्म ग्वालियर के पास बसुधा गोविंदपुर गाँव में हुआ था।
   (2) ये (बिहारी) माथुर चौबे कहे जाते हैं।
   (3) इनकी बाल्यावस्था मथुरा में बीती।
   (4) ये (बिहारी) जयपुर के राजा जयशाह (महाराज जय सिंह) के दरबार में रहा करते थे।

420034350

7. निम्नलिखित में सूर्यकांत त्रिपाठी की रचना नहीं है :
   (1) परिमल (2) गीतिका (3) उत्तरा (4) गीतकुंज

8. सूरदास के विषय में निम्नलिखित में से सही नहीं है ?
   (1) सूरसागर में जगह-जगह दृष्टिकूट वाले पद मिलते हैं।
   (2) यह विद्यापति का अनुकरण नहीं है।
   (3) 'सारंग' शब्द को लेकर सूर ने कई जगह कूट पद कहे हैं।
   (4) सूर की बड़ी भारी विशेषता है नवीन प्रसंगों की उद्भावना।

420034435

9. निम्नलिखित में पत्रकारिता का प्रकार नहीं है :
   (1) संस्कार पत्रकारिता (2) खोजपरक पत्रकारिता
   (3) वॉचडॉग पत्रकारिता (4) खेल पत्रकारिता

Adda247

10. सुमित्रानंदन की निम्नलिखित रचनाओं में उनका काव्य-संग्रह है :
   (1) ज्योत्स्ना (2) रजतशिखर (3) युगपथ (4) शिल्पी

11. निम्नलिखित युग्मों में असंगत है :
   (1) लोकवादी तुलसीदास – विश्वनाथ त्रिपाठी
   (2) नयी कविता और अस्तित्ववाद – रामविलास शर्मा
   (3) नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र – मुक्तिबोध
   (4) साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका – नामवर सिंह

420034435

12. निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
   (1) रस अखंड है। (2) रस स्वप्रकाश है।
   (3) रस ब्रह्मास्वाद नहीं है। (4) रस लोकोत्तर आनंदमय है।

Adda247
GET IT ON Google Play

13. 'तिरस्कृत' नामक आत्मकथा के लेखक हैं :
(1) सूरजपाल चौहान (2) श्यौराज सिंह बेचैन (3) धर्मवीर (4) ओमप्रकाश वाल्मीकि

14. निम्नलिखित में से जनसंचार का प्रमुख कार्य नहीं है :
(1) सूचना देना (2) शिक्षित करना (3) मनोरंजन करना (4) संगोष्ठियाँ कराना

15. राहुल सांकृत्यायन ने रीतिकाल को किस नाम से पुकारा है ?
(1) सामंत काल (2) रीति युग (3) दरबारी युग (4) शृंगार काल

16. "कवित्व-निर्माण के बीजरूप विशिष्ट संस्कार को शक्ति कहते हैं" – प्रस्तुत कथन के प्रस्तोता हैं :
(1) कुंतक (2) मम्मट (3) जगन्नाथ (4) भट्टतौत

17. निम्नलिखित जीवनियों और जीवनीकारों के युग्मों में असंगत युग्म है :
(1) 'कलम का सिपाही' – अमृत राय
(2) 'कलम का मजदूर' – मदन गोपाल
(3) 'प्रेमचंद घर में' – श्रीपत राय
(4) 'आवारा मसीहा' – विष्णु प्रभाकर

18. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित आत्मकथाओं का सही अनुक्रम है :
(1) कस्तूरी कुण्डल बसै, एक कहानी यह भी, पिंजरे की मैना, जमाने में हम
(2) एक कहानी यह भी, पिंजरे की मैना, जमाने में हम, कस्तूरी कुण्डल बसै
(3) पिंजरे की मैना, जमाने में हम, कस्तूरी कुण्डल बसै, एक कहानी यह भी
(4) जमाने में हम, कस्तूरी कुण्डल बसै, एक कहानी यह भी, पिंजरे की मैना

19. "यह अनुभव अद्वितीय, जो केवल मैंने जिया,
सब तुम्हें दिया।" – काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं :
(1) अज्ञेय (2) दिनकर (3) रघुवीर सहाय (4) मुक्तिबोध

20. रचना और रचनाकार की दृष्टि से असंगत युग्म है :
(1) विद्या सुंदर – भारतेंदु हरिश्चंद्र
(2) रेल का विकट खेल – बालकृष्ण भट्ट
(3) प्रह्लाद चरित्र – बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'
(4) भारत दुर्दशा – प्रताप नारायण मिश्र

21. रचना और रचनाकार की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :
(1) 'पूर्वोदय' – जैनेन्द्र
(2) 'आधुनिक साहित्य' – नंद दुलारे वाजपेयी
(3) माटी हो गई सोना – कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'
(4) राष्ट्रभाषा की कुछ समस्याएँ – रामविलास शर्मा

Adda247 GET IT ON Google Play

22. संस्मरणों की निम्नलिखित पुस्तकों और उनके रचयिताओं के युग्मों में असंगत युग्म है :
(1) 'एक दुनिया अपनी' – रामदरश मिश्र
(2) 'नंगा तलाई का गाँव' – विश्वनाथ त्रिपाठी
(3) 'आँगन के वंदनवार' – विद्यानिवास मिश्र
(4) 'यादों के गलियारे' – नासिरा शर्मा

23. निम्नलिखित में से केशवदास की रचना नहीं है :
(1) रसिकप्रिया (2) कविप्रिया (3) रतनबावनी (4) शिवाबावनी

24. 'अरुण अधरों की पल्लव प्रात,
मोतियों सा हिलता हिम हास।' – प्रस्तुत काव्य पंक्तियों के रचयिता हैं :
(1) जयशंकर प्रसाद (2) सुमित्रानंदन पंत
(3) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (4) मैथिली शरण गुप्त

25. पुरुष-प्रधान समाज में नारी के दोहन-शोषण और मुक्ति संघर्ष की कथा मृदुला गर्ग के किस उपन्यास में मिलती है जिसमें स्मिता, मारियान, नर्मदा और असीमा आदि चार नारी पात्र अपनी-अपनी कहानी कहते हैं?
(1) उसके हिस्से की धूप (2) चितकोबरा
(3) कठगुलाब (4) अनित्य

26. निम्नलिखित यात्रा-वृत्तांतों और उनके लेखकों के युग्मों में असंगत युग्म है :
(1) 'मेरी तिब्बत यात्रा' – राहुल सांकृत्यायन
(2) 'देश-विदेश' – निर्मल वर्मा
(3) 'चलते तो अच्छा था' – असगर वजाहत
(4) 'आँखों देखा पाकिस्तान' – कमलेश्वर

27. निम्नलिखित में भारतेंदु हरिश्चंद्र की रचना नहीं है :
(1) दमयंती स्वयंवर (2) रत्नावली (3) विद्यासुंदर (4) दुर्लभ बंधु

28. रीतिकाल के साहित्य को रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध और रीतिमुक्त नामों से किसने विभाजित किया है?
(1) मिश्रबंधु (2) जार्ज ग्रियर्सन (3) रामचंद्र शुक्ल (4) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

29. रचना और रचनाकार की दृष्टि से असंगत युग्म है :
(1) भाग्य रेखा – भीष्म साहनी
(2) कुहासा – रांगेय राघव
(3) अभिमन्यु की आत्महत्या – राजेन्द्र यादव
(4) जानवर और जानवर – मोहन राकेश

30. "झिलमिल झगरा झूलते बाकी रही न काहु।
गोरख अटके कालपुर कौन कहावै साहु।।"
प्रस्तुत दोहे के रचयिता हैं :
(1) नामदेव (2) रैदास (3) कबीरदास (4) तुलसीदास

Adda247

GET IT ON Google Play

31. निम्नलिखित में जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है :
(1) चित्राधार (2) प्रेमपथिक (3) गीत गुंज (4) झरना

32. ''आज नहीं है मुझे और कुछ चाह,
अर्द्ध विकल इस हृदय कमल में आ तू,
प्रिये! छोड़ बंधनमय छंदों की छोटी राह।''
– प्रस्तुत काव्य पंक्तियों के रचयिता हैं :
(1) महादेवी वर्मा (2) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(3) सुमित्रानंदन पंत (4) जयशंकर प्रसाद

33. भीष्म साहनी का निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक चेको स्लोवाकिया में प्रचलित किसी लोक कथा को आधार बनाकर लिखा गया है?
(1) आलमगीर (2) हानूश (3) माधवी (4) रंग दे बसंती चोला

34. चंद्रगिरि के राजा गणपति देव के पुत्र के कंचनगर के राजा रूप मुरारि की राजकुमारी पर मोहित होने का चित्रण निम्नलिखित में से किस रचना में है?
(1) मधुमालती (2) मृगावती (3) ज्ञानदीप (4) इंद्रावती

35. ''ईमानदार संस्कारमयी
संतुलित नयी गहरी विवेक-चेतना
अभय होकर अपने
वास्तविक मूलगामी निष्कर्षों तक पहुँची।''
मुक्तिबोध की प्रस्तुत काव्य-पंक्तियाँ उनकी किस रचना से हैं?
(1) लकड़ी का रावण (2) जब प्रश्न-चिह्न बौखला उठे
(3) ब्रह्मराक्षस (4) चांद का मुँह टेढ़ा है

36. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से महादेवी वर्मा की रचनाओं का सही अनुक्रम है :
(1) क्षणदा, नीहार, नीरजा, दीपशिखा (2) दीपशिखा, क्षणदा, नीहार, नीरजा
(3) नीरजा, नीहार, दीपशिखा, क्षणदा (4) नीहार, नीरजा, दीपशिखा, क्षणदा

37. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना कवि भूषण द्वारा रचित नहीं है?
(1) रतन बावनी (2) शिवराज भूषण (3) शिवा बावनी (4) दूषण उल्लास

38. हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल को नवजागरण-युग नाम देने वाले साहित्यकार हैं :
(1) जार्ज ग्रियर्सन (2) रामचंद्र शुक्ल (3) राहुल सांकृत्यायन (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

39. निम्नलिखित में से हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'सिद्ध-सामंत युग' कहने वाले साहित्येतिहासकार हैं :
(1) गार्सा द तासी (2) मिश्रबंधु (3) रामचंद्र शुक्ल (4) राहुल सांकृत्यायन

40. हिन्दी साहित्य के भक्ति काव्य को सूफी युग और 'भक्त युग' नाम किसने दिये है?
(1) राहुल सांकृत्यायन (2) गणपति चंद्र गुप्त (3) रामचंद्र शुक्ल (4) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

420034235

- o 0 o -

Adda247
GET IT ON Google Play

## Question Paper / प्रश्न-पत्र

Maximum Marks : 60

*अधिकतम अंक : 60*

1. **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर दीजिए ( अधिकतम एक पंक्ति में )।**
   (A) 'अरथ तो इसका बूझेगा। मुँह देखो तो सूझेगा।।' काव्य-पंक्ति किसके बारे में है?
   (B) 'एक थाल मोती से भरा। सिर के ऊपर औंधा धरा।।' काव्य-पंक्ति का आशय है :
   (C) 'एक नार पिया को भानी, तन वाको सगरा ज्यों पानी' का आशय है :
   (D) 'एक नार ने अचरज किया, साँप मारि पिंजरे में दिया।' पहेली का उत्तर है :

2. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम एक पंक्ति) :
   (A) विद्यापति के शृंगारिक पदों के नायक और नायिका कौन-कौन हैं?
   (B) 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है?
   (C) विद्यापति के काव्य की भाषा कौन-सी है?
   (D) 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत महँगे हो गए हैं' विद्यापति के बारे में किसने कहा है?

3. निम्नलिखित में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक पंक्ति में दीजिए :
   (A) 'राम नाम का मरम है आना' में रेखांकित शब्द का अर्थ है :
   (B) कबीर के गुरू का नाम है :
   (C) सीढ़ियों पर लेटे कबीर पर जब स्वामी रामानंद का पैर पड़ा तो उनके मुँह से क्या शब्द निकला?
   (D) कबीर की वाणी कहलाती है :

4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) 'रेख न रूप, बरन जाके नहिं ताको हमें बतावत' काव्य-पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है?
   (B) 'सुरतिय, नरतिय, नागतिय, सब चाहति अस होय' प्रस्तुत काव्य-पंक्ति किसके बारे में है?
   (C) 'कयामत' का वर्णन करने वाली जायसी की रचना है :
   (D) एक अक्षर को लेकर सिद्धांत संबंधी तत्वों से भरी चौपाईयों वाली जायसी की रचना है :



SEAL

Adda247

GET IT ON Google Play

5. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक पंक्ति में दीजिए :

(A) 'नेही महा, ब्रजभाषा प्रवीन औ सुंदरताहु के भेद को जानै' काव्य-पंक्ति में ब्रजभाषा प्रवीन किसको कहा गया है?

(B) रीति स्वच्छंदधारा के किस कवि को 'प्रेम की पीर' का कवि कहा जाता है?

(C) 'अरसानि गही वह बानि कछु, सरसानि सो आनि निहोरत है।' काव्य-पंक्ति के रचयिता हैं :

(D) 'विरहलीला' के रचयिता हैं :

6. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम एक-एक पंक्ति)

(A) 'कहाँ करूणानिधि केशव सोए?
जागत नाहिं अनेक जतन करि भारतवासी रोए?'
काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं :

(B) भारतेन्दु की रचना 'विजयिनीविजय वैजयंती' की मुख्य विषयवस्तु है :

(C) 'निकल रही है उर से आह
ताक रहे सब तेरी राह।'
काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं :

(D) 'मेरे आँगन का एक फूल।' मैथिली शरण गुप्त की रचना 'पुष्पांजलि' की प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में 'आँगन का फूल' किसको कहा गया है?

7. 'गोदान' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम एक एक पंक्ति)।

(A) उपन्यास में होरी किससे गाय खरीदकर लाया था?

(B) उपन्यास में गाय का नाम क्या रखा गया है?

(C) गाय के मरने का कारण क्या था?

(D) गोबर और झुनिया के बीच संबंध किस तरह का है :

Adda247

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम एक-एक पंक्ति)

(A) 'गुलाब' मूलतः किस भाषा का शब्द है?

(B) 'औरत' मूलतः किस भाषा का शब्द है?

(C) 'तोप' मूलतः किस भाषा का शब्द है?

(D) 'लालटेन' मूलतः किस भाषा का शब्द है?

9. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :

(A) किस रचना को खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कहा जाता है?

(B) क्या 'उदयभान चरित' ही रानी केतकी की कहानी है?

(C) क्या स्वतःस्फूर्त गद्य लेखन का उदाहरण इंशा अल्ला खाँ की कहानी में मिलता है?

(D) गिलक्राइस्ट का फोर्ट विलियम कॉलेज, से क्या संबंध था?

Adda247

GET IT ON Google Play

10. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) हिन्दी की आरंभिक साहित्यिक पत्रिकाओं में 'समालोचक' के संपादक थे :
   (B) 'ग्राम' कहानी के लेखक हैं :
   (C) 'रक्षा-बंधन' कहानी के रचयिता हैं :
   (D) 'सुखमय जीवन' कहानी के लेखक हैं :

11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :
   (A) यहाँ असली गाय का दूध मिलता है।
   (B) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
   (C) मुझे एक चाय का पैकेट चाहिए।
   (D) आप अपना काम कर लो।

12. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक में किसका उल्लेख मिलता है?
   (B) संघ की राजभाषा का उल्लेख किस अनुच्छेद में मिलता है?
   (C) संघ की राजभाषा की लिपि क्या निर्धारित की गयी है?
   (D) शासकीय कार्यों के लिए राजभाषा में किस तरह के अंकों का प्रयोग किया जाता है?

13. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) कहानी आगे कैसे बढ़ती है?
   (B) पात्रों के कितने रूप होते हैं?
   (C) क्या कहानी में चरमोत्कर्ष से पहले उप कथाएँ समाप्त हो जाती हैं?
   (D) विषयवस्तु के अनुसार कहानियाँ कितने प्रकार की होती हैं?

14. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) संवाद किसे कहते हैं?
   (B) कहानी में संप्रेषण किस प्रकार होता है?
   (C) क्या कहानी में विभिन्न पात्रों के संवाद एक समान होने चाहिए?
   (D) संवाद लेखक से पात्र का क्या आग्रह होता है?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम एक वाक्य में दीजिए :
   (A) 'श्रृंगार मंडन' नामक ग्रंथ ब्रजभाषा में किसने लिखा है?
   (B) ब्रजभाषा गद्य की पुस्तक 'अष्टयाम' के लेखक हैं :
   (C) ब्रजभाषा गद्य में 'अगहन माहात्म्य' और बैशाख माहात्म्य' नाम की दो छोटी पुस्तकों के लेखक हैं :
   (D) संस्कृत से कथा लेकर 'बैताल पच्चीसी' की रचना किसने की?

-o0o-